सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-395
05/09/2017

तेल कम्पनियों की तरफ से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये 15 करोड़ रूपये का चेक दिया गया। भवन निर्माण मंत्री, विधान पार्षद एवं पूर्व विधायक ने भी मुख्यमंत्री राहत कोष में किया अंशदान

पटना 05 सितम्बर, 2017 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में तेल कम्पनियों के प्रतिनिधिमण्डल ने विभिन्न तेल कम्पनियों यथा ओ0एन0जी0सी0, आई0ओ0सी0, बी0पी0सी0एल0, एच0पी0सी0एच0, गेल, ओ0आई0एल0, एन0आर0एल0 की तरफ से मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मिलकर मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये 15 करोड़ रूपये का चेक सौंपा। प्रतिनिधिमण्डल में श्री संजीव सिंह चेयरमैन आई0ओ0सी0एल0, श्री पवन शर्मा चीफ जेनरल मैनेजर गेल, श्री वी0के0 शुक्ला इक्सक्यूटिव डायरेक्टर आई0ओ0सी0एल0 बरौनी सहित अन्य लोग शामिल थे।

आज भवन निर्माण मंत्री श्री महेश्वरी ने अपनी तरफ से एक लाख पचास हजार रूपये, विधान पार्षद श्री गुलाम रसूल बलियावी ने एक लाख एक हजार रूपये तथा पूर्व विधायक श्री अशोक कुमार उर्फ मुन्ना जी ने 51 हजार रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये सभी को धन्यवाद दिया तथा उनके इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय सभी को अपनी संवेदनशीलता प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बॅटाना चाहिये।

******